# बीपीएस ने जारी किया परीक्षा परिणाम

**गोहाना** | भगत फूल महिला विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 परीक्षा सत्र के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी कार्यक्रमों के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नवंबर और दिसंबर 2024 में परीक्षाएं हुई थीं। विश्वविद्यालय टीचिंग डिपार्टमेंट्स, क्षेत्रीय केंद्रों और संबद्ध कॉलेजों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्राएं अपने व्यक्तिगत परिणाम, मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक विवरण ऑनलाइन देख सकती हैं। डॉ. दहिया ने बताया कि परीक्षा समाप्त होने के 30 दिन में परिणाम जारी कर विश्वविद्यालय ने लगातार पांचवीं बार प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान हासिल किया है।

# महिला विश्वविद्यालय ने सभी परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित



जानकारी देते हुए डॉ. संदीप दहिया।

गोहाना, 27 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय द्वारा नवम्बर-दिसम्बर 2024 में आयोजित सभी स्नातक (यू.जी.), स्नातकोत्तर (पी.जी.), सर्टिफिकेट कोर्स और पीएच.डी. परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा कर दी गई है।

महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत-शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार, सभी समैस्टर और कार्यक्रमों के लिए नवम्बर और दिसम्बर 2024 में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं।

विश्वविद्यालय टीचिंग डिपार्टमैंट्स, क्षेत्रीय केंद्रों और संबंधित कॉलेजों के फ्रैशर, री-अपीयर तथा इम्प्रूवमैंट में विभिन्न समैस्टर और संकायों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्राएं अपने व्यक्तिगत परिणाम, मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक विवरण ऑनलाइन देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि किसी भी विसंगति के मामले में, परीक्षा शाखा छात्राओं के लिए पुनर्मूल्यांकन और शिकायत निवारण के लिए एक विशेष प्रक्रिया प्रदान करती है। सभी उत्तीर्ण छात्राओं के डी.एम.सी. तैयार किए जा रहे हैं और अगले कुछ दिनों में संबंधित विभागों, कॉलेजों तथा संस्थानों को भेज दिए जाएंगे।

# 'सशक्त नारी–सशक्त राष्ट्र' विषय पर बी.पी.एस. में कवि सम्मेलन कल

गोहाना, 27 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में 'सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र' विषय पर 1 मार्च को कवि सम्मेलन होगा। यह कवि सम्मेलन महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित होगा जिसकी अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश करेंगी।

महिला विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक लैफ्टिनैंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि 1 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में देश की नामी कवयित्रियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें गाजियाबाद से अंजू जैन, आगरा से रुचि चतुर्वेदी, नागपुर से श्रद्धा शौर्य, अहमदाबाद से आयुषी राखेचा तथा गोरखपुर से नीर आएंगे। मंच संचालन सुदीप भोला करेंगे।

डॉ. बल्हारा ने बताया कि विशिष्ट अतिथि एच.पी.एस.सी. की सदस्य डॉ. ममता यादव, एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन, कन्या गुरुकुल, खानपुर कलां और गुरुकुल विद्यापीठ, भैंसवाल कलां की महासभा के पूर्व महासचिव ठेकेदार जय सिंह तथा गैलेक्सी प्रोप्राइटर के एम.डी. डॉ. संदीप मलिक शिरकत करेंगे।

## न्यूज कैप्सूल

# बीपीएस विवि में कवि सम्मेलन एक को

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह (बीपीएस) महिला विश्वविद्यालय में सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र का संदेश देने के उद्देश्य से एक मार्च को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश करेंगी। संवाद


# विवि ने 30 दिन में घोषित किया परीक्षा परिणाम

संवाद न्यूज एजेंसी

## बीपीएस महिला विवि में दिसंबर 2024 में हुई थीं परीक्षाएं

**गोहाना।** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह (बीपीएस) महिला विश्वविद्यालय में दिसंबर-2024 में हुई सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, सर्टिफिकेट कोर्स व पीएचडी कार्यक्रमों के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है।

परीक्षा संपन्न होने के 30 दिन के अंदर परीक्षा परिणाम घोषित कर लगातार पांचवीं बार रिकॉर्ड कायम किया है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने राज्य विश्वविद्यालयों के बीच रिकॉर्ड समय में परीक्षाओं के सुचारू संचालन व परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा नियंत्रक व परीक्षा शाखा को भी बधाई दी।



परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप। स्रोत : विश्वविद्यालय

महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. शिवालिक यादव ने कहा कि तकनीक ने प्रक्रिया को तेज और अधिक कुशल बना दिया है। स्वचालन और परिणाम समर्पित सॉफ्टवेयर पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के तहत-शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार सभी सेमेस्टर व कार्यक्रमों के लिए नवंबर और दिसंबर-2024 में परीक्षाएं आयोजित गई थीं। जिनमें विवि शैक्षणिक विभाग, क्षेत्रीय केंद्रों व संबंधित महाविद्यालयों के फ्रेशर, रि-अपीयर व इंप्रवूमेंट में विभिन्न सेमेस्टर व संकायों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्राएं अपने व्यक्तिगत परिणाम, मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक विवरण ऑनलाइन देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि किसी भी विसंगति के मामले में परीक्षा शाखा ने छात्राओं के लिए पुनर्मूल्यांकन व शिकायत निवारण के लिए एक प्रक्रिया प्रदान की है। उत्तीर्ण छात्राओं के डीएमसी तैयार किए जा रहे हैं, कुछ दिनों में संबंधित विभाग, महाविद्यालय व संस्थानों को भेज दिए जाएंगे।

# महिला विवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

गोहाना। भगत फूल महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में परीक्षा सत्र दिसंबर 2024 के लिए सभी स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी कार्यक्रमों के परिणामों की समय पर घोषणा कर दी गई है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर बधाई दी तथा उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की और राज्य विश्वविद्यालयों के बीच रिकॉर्ड समय में परीक्षाओं के सुचारू संचालन और परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा नियंत्रक व परीक्षा शाखा को बधाई दी। विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि तकनीक ने प्रक्रिया को तेज और अधिक कुशल बना दिया है। स्वचालन और परिणाम समर्पित सॉफ्टवेयर पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 के तहत-शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार, सभी सेमेस्टर और कार्यक्रमों के लिए नवंबर और दिसंबर 2024 में परीक्षाएं आयोजित गई थीं। जिनमें विभिन्न सेमेस्टर और संकायों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी के परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

# खानपुर के भगत फूल सिंह महिला विवि में एक मार्च को कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में 1 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजित होगा। कवि सम्मेलन सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र विषय पर आधारित होगा। जनता टीवी के तत्वावधान में एलपीएस बोसार्ड द्वारा प्रायोजित यह कवि सम्मेलन विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ट द्वारा आयोजित किया जाएगा। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश करेंगी। महिला विवि के जनसंपर्क निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि 1 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में देश की नामी महिला कवित्रियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें गाजियाबाद से अंजू जैन, आगरा से रुचि चतुर्वेदी, नागपुर से श्रद्धा शौर्य अहमदाबाद से आयुषी राखेचा व गोरखपुर से नीर रहेंगे। मंच संचालन सुदीप भोला करेंगे। विशिष्ट अतिथि एचपीएससी सदस्य डॉ. ममता यादव, एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग निदेशक राजेश जैन, कन्या गुरुकुल खानपुर कलां व भैंसवाल कलां के पूर्व महासचिव जयसिंह व गैलेक्सी प्रोप्राइटर के प्रबंधक निदेशक डॉ. संदीप मलिक होंगे।

## नारी शक्तिकरण का संदेश देंगे : कुलपति



भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस कवि सम्मेलन के माध्यम से छात्राओं को देश की संस्कृति से रूबरू कराने व नारी शक्तिकरण का संदेश देना है। सम्मेलन का शीर्षक भी सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र है। सम्मेलन में देश के जाने माने कवि आएंगे।

रुपये की लागत से बनी गोहाना रोड

## एक नजर में

# विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन एक मार्च को

**गोहाना** : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र का संदेश देने के लिए एक मार्च को कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ट द्वारा आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुदेश करेंगी। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क डा. अनिल बल्हारा ने बताया कि कवि अंजू जैन, रुचि चतुर्वेदी, श्रद्धा शौर्य, आयुषी राखेचा प्रस्तुतियां देंगे। (वि)

# स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षा परिणाम घोषित

वि., गोहाना : भगत फूल महिला विश्वविद्यालय द्वारा दिसंबर 2024 में आयोजित की गई स्नातक, स्नातकोत्तर, सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया।



डा. संदीप दहिया

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार सभी सेमेस्टर और कार्यक्रमों के लिए परीक्षाएं आयोजित गई थीं। विवि के संस्थानों, क्षेत्रीय केंद्रों और संबंधित कालेजों से 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उत्तीर्ण छात्राओं के डीएमसी तैयार करके कुछ दिनों में संबंधित संस्थान में भेजी जाएंगी। कुलपति प्रो. सुदेश और कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने सभी छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर बधाई दी।

# CONFERENCE ON ARTIFICIAL INTELLIGENCE




**Sonepat:** The intellectual property rights cell and the law department jointly organised a national conference on the topic "Future of intellectual property in the era of Artificial Intelligence (AI): Changing legal paradigms" at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya Khanpur Kalan. Prof Sudesh, Vice-Chancellor of Mahila Vishwavidyalaya Prof Sudesh, said awareness about patents was important. She said the objective of the event was to increase awareness about intellectual property rights and to focus on AI and digital technology. She said the teaching research work in an educational institution should be patented. This not only gave recognition to the institution on the world stage but also increased economic resources. The Director of the Indian Law Institute, Professor Dr VK Ahuja emphasised the importance of developing a legal framework to address the challenges posed by AI. He explained how Artificial Intelligence-driven innovation was reshaping traditional notions of ownership, patent and copyright laws.

# STUDENTS EXCEL IN TRINITY EXAMS

# भगत फूल महिला विश्वविद्यालय के परिणाम घोषित

गोहाना, 27 फरवरी (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल महिला विश्वविद्यालय में परीक्षा सत्र दिसम्बर 2024 के लिए सभी स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी कार्यक्रमों के परिणामों की समय पर घोषणा कर दी गई है। कुलपति ने राज्य विश्वविद्यालयों के बीच रिकॉर्ड समय में परीक्षाओं के सुचारू संचालन और परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा नियंत्रक व परीक्षा शाखा को बधाई दी महिला विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो डॉ. शिवालिक यादव ने कहा कि तकनीक ने प्रक्रिया को तेज और अधिक कुशल बना दिया है। जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत-शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार, सभी सेमेस्टर और कार्यक्रमों के लिए नवंबर और दिसंबर 2024 में परीक्षाएं आयोजित गईं थीं जिनमें विश्वविद्यालय टीचिंग डिपार्टमेंट्स, क्षेत्रीय केंद्रों और संबंधित कॉलेजों के फ्रैशर, रि-अपीयर तथा इम्प्रूवमैंट में विभिन्न सेमेस्टर और संकायों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी।

# 'सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र' का सन्देश देने के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन

गोहाना, 27 फरवरी (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में 'सशक्त नारी -सशक्त राष्ट्र' का सन्देश देने के लिए 1 मार्च को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जनता टीवी के तत्वाधान में एल पी एस बोसार्ड द्वारा प्रायोजित कवि सम्मेलन, महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसकी अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश तथा मंच संचालन सुदीप भोला करेंगे। महिला विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि 1 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में देश की नामी महिला कवित्रियों को आमंत्रित किया गया है जिसमें गाजियाबाद से अंजू जैन, आगरा से रुचि चतुर्वेदी, नागपुर से श्रद्धा शौर्य अहमदाबाद से आयुषी राखेचा तथा गोरखपुर से नीर रहेंगे। डॉ. बल्हारा ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की सदस्य डॉ. ममता यादव, एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन, समाजसेवी व कन्या गुरुकुल खानपुर कलां व भैंसवाल कलां के पूर्व महासचिव जय सिंह तथा गैलेक्सी प्रोप्राइटर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप मलिक शिरकत करेंगे। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने जानकारी देते कहा कि कवि सम्मेलन के माध्यम से छात्राओं को समस्त देश की संस्कृति से रूबरू कराने और छात्राओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य है।

## The First Update's Post

**The First Update**
18 hours ago

The First Update-
खानपुर कलां -27 फरवरी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में "सशक्त नारी -सशक्त राष्ट्र' का सन्देश देने के लिए 1 मार्च को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जनता टीवी के तत्वाधान में एल पी एस बोसार्ड द्वारा प्रायोजित कवि सम्मेलन, महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश करेंगे। जानकारी देते हुए महिला विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अनिल बल्हारा ने बताया कि 1 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में देश की नामी महिला कवित्रियों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें गाजियाबाद से सुश्री अंजू जैन , आगरा से सुश्री रुचि चतुर्वेदी , नागपुर से सुश्री श्रद्धा शौर्य अहमदाबाद से सुश्री आयुषी राखेचा तथा गोरखपुर से श्री नीर रहेंगे। मंच संचालन श्री सुदीप भोला करेंगे। डॉ बल्हारा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की सदस्य डॉ ममता यादव, एल पी एस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री राजेश जैन, समाजसेवी व कन्या गुरुकुल खानपुर कलां व भैंसवाल कलां के पूर्व महासचिव श्री जय सिंह तथा गैलेक्सी प्रोप्राइटर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ संदीप मलिक शिरकत करेंगे। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि कवि सम्मेलन के माध्यम से छात्राओं को समस्त देश की संस्कृति से रूबरू कराने और छात्राओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस कवि सम्मेलन का शीर्षक ही "सशक्त नारी -सशक्त राष्ट्र' है। उनका लक्ष्य है कि महिला विश्वविद्यालय से शिक्षा पूरी करने के बाद हमारी छात्राएं जिस भी क्षेत्र में जाएं तो आत्म विश्वास के साथ-साथ एक अच्छे नागरिक बन कर जाएं। देश के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं।
फोटो कैप्शन :-भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India



The First Update's Post

The First Update
17 hours ago

The First Update-
खानपुर कलां -27 फरवरी। भगत फूल महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में परीक्षा सत्र दिसंबर 2024 के लिए सभी स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) ,सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी कार्यक्रमों केपरिणामों की समय पर घोषणा कर दी गई है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने सभी छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर बधाई दी तथा उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की।कुलपति ने राज्य विश्वविद्यालयों के बीच रिकॉर्ड समय मेंपरीक्षाओं के सुचारू संचालन और परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा नियंत्रक व परीक्षा शाखा को बधाई दी। महिला विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो डॉ. शिवालिक यादव ने कहा कि तकनीक ने प्रक्रिया को तेज और अधिक कुशल बना दिया है।स्वचालन और परिणाम समर्पित सॉफ्टवेयर पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभातेहैं।जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत-शैक्षणिक कार्यक्रमके अनुसार, सभी सेमेस्टर और कार्यक्रमों के लिए नवंबर औरदिसंबर 2024 में परीक्षाएं आयोजित गई थीं। जिनमें विश्वविद्यालय टीचिंग डिपार्टमेंट्स, क्षेत्रीय केंद्रों और सम्बंधित कॉलेजों के फ्रेशर, रि-अपीयर तथा इम्प्रूवमेंट में विभिन्न सेमेस्टरऔर संकायों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विश्वविद्यालयकी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्राएं अपने व्यक्तिगत परिणाम, मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक विवरण ऑनलाइन देख सकते हैं।विश्वविद्यालय ने पारदर्शिता और दक्षता की अपनी प्रतिबद्धता का पालन किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि किसी भी विसंगति के मामले में, परीक्षा शाखा छात्राओं के लिए पुनर्मूल्यांकन और शिकायत निवारण के लिए एक विशेष प्रक्रिया प्रदान करती है। सभी उत्तीर्ण छात्राओं के डी एम सी तैयार किए जा रहे हैं, और अगले कुछ दिनों में संबंधित विभागों ,कॉलेजों तथा संस्थानों को भेज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा सम्पन्न होने के 30 दिन के अंदर ही महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां ने एक बार फिर हरियाणा के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वप्रथम परीक्षा परिणाम घोषित कर लगातार पांचवीं बार रिकॉर्ड कायम किया है।
फोटो कैप्शन ;- 01. परीक्षा परिणामों की घोषणा करते महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India



# All India Media Association
## (Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)


English Powered by Google Translate (https://translate.google.com)



Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
27/02/2025 03:23 PM

### Congratulations to the students on their academic achievements - Vice Chancellor Prof Sudesh

Khanpur Kalan - 27 February. The results of all undergraduate (UG), postgraduate (PG), certificate courses and PhD programmes for the examination session December 2024 at Bhagat Phool Mahila Vishwavidyalaya Khanpur Kalan have been declared on time.

Vice Chancellor of Mahila Vishwavidyalaya Prof Sudesh congratulated all the girl students on their academic achievements and wished them continued success in their academic and professional endeavors. The Vice Chancellor congratulated the Controller of Examinations and Examination Branch for the smooth conduct of examinations and declaration of results in record time among state universities.

Registrar of Mahila Vishwavidyalaya Prof Dr Shivalik Yadav said that technology has made the process faster and more efficient. Automation and result dedicated software play an important role in the entire process.

Giving information, the Controller of Examinations of the University, Dr Sandeep Dahiya said that as per the academic program under the National Education Policy 2020, examinations were conducted in November and December 2024 for all semesters and programs. In which 15800 girl students of various semesters and faculties appeared in the fresher, re-appear and improvement examinations of the university teaching departments, regional centers and related colleges. The results of all the courses have been uploaded on the university website. The students can check their individual results, mark sheets and other academic details online. The university has followed its commitment to transparency and efficiency.

Controller of Examinations Dr. Sandeep Dahiya said that in case of any discrepancy, the examination branch provides a special process for re-evaluation and grievance redressal for the girl students. DMCs of all the passed girl students are being prepared, and will be sent to the concerned departments, colleges and institutions in the next few days. He said that within 30 days of the completion of the examination, Mahila Vishwavidyalaya Khanpur Kalan has once again set a record for the fifth consecutive time by declaring the examination results in all the state universities of Haryana.

Photo caption: - 01. Controller of Examinations of Mahila Vishwavidyalaya Dr. Sandeep Dahiya announcing the examination results.